प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारम्भ

पन्तनगर। 3 सितम्बर 2024। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्घाटन कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा किया गया। उद्घाटन सम्बोधन में डा. चौहान द्वारा कुपोषण और एनीमिया से निपटने में पोषण शिक्षा तथा जागरूकता के महत्व को रेखांकित किया गया। उन्होंने छात्रों के कल्याण हेतु पोषण विकल्पों एवं सक्रिय स्वास्थ्य प्रथाओं के माध्यम से सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठात्री डा. अल्का गोयल द्वारा इस पहल का समर्थन किया गया एवं व्यापक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए पूर्ण माह चलने वाली गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

एक माह तक चलने वाले इस कार्यक्रम का आयोजन खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग की विभागाध्यक्ष डा. अर्चना कुशवाहा तथा संकाय सदस्यों प्राध्यापक डा. अनुराधा दत्ता एवं सहायक प्राध्यापक डा. नीतू डोभाल की देख–रेख में किया जा रहा है। विभाग द्वारा पोषण माह के प्रमुख विषयों जैसे एनीमिया, विकास निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी बेहतर प्रशासन की पहल, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण संरक्षण पर केन्द्रित गतिविधियों की श्रृंखला की योजना तैयार की गयी है। इस कार्यक्रम श्रृंखला में 2 सितंबर 2024 को सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में जागरुकता सत्र आयोजित किया गया। 14 सितंबर 2024 को, 'एनीमिया से लड़ने के लिए उपर्युक्त व्यंजन' शीर्षक पर एक रेसिपी प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी एवं अन्त में महाविद्यालय के रावे छात्रों द्वारा चार–दिवसीय स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। साथ ही साथ एक वार्षिक पहल 'अपनी खाद्य संस्कृति को जानें' का प्रारम्भ की गयी है, जिसका उद्देश्य उन खाद्य पदार्थों के बारे में जागरूकता लाना है जिनका सांस्कृतिक महत्व भी है। केन्द्रीय सरकार द्वारा पोषण माह 2024 की थीम के अनुसार पौधारोपण अभियान, किशोर शिक्षा सत्र, समुदाय आधारित कार्यक्रम, पोषण कार्यशाला, नुक्कड़ नाटक तथा स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए योग सत्र सम्मिलित है। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय तथा खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग, राष्ट्रीय पोषण माह को एक परिवर्तनकारी अनुभव बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो न सिर्फ परिसर अपितु व्यापक समुदाय में स्वास्थ्य एवं कल्याण की संस्कृति को बेहतर बनाएगा।

1. कार्यक्रम का उद्घाटन करते कुलपति डा.मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार